



## एक नजर में

### पार्टी संगठन को मजबूत बनाने दिया ज्ञापन

**गंजबासौदा.** भोपाल में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित ट्रेड डील विरोध सभा में जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश सुहाने के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता भोपाल पहुंचे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र सौंप कर गंजबासौदा में आने का आमंत्रण दिया. इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के नेता भी उपस्थित थे.

### सैण्ट एसआरएस के छात्रों का हुआ चयन

**गंजबासौदा,** मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित विज्ञान मंथन यात्रा के लिए सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के 15 विद्यार्थियों का चयन किया गया है. इस अवसर पर स्कूल के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी. विज्ञान प्रभारी प्रियंका अग्रवाल एवं डॉ. कमला चतुर्वेदी ने बताया कि पूरे विदिशा जिले से कुल 48 विद्यार्थियों का चयन किया गया है. कक्षा दसवी से अनुराग अहिरवार, मनीष विश्वकर्मा, मुस्कान अहिरवार कक्षा 11 वीं से अक्षत रघुवंशी और प्रशांत कुमार चौधरी को चुना गया है. वहीं कक्षा 12 वीं से अरुण अहिरवार, भूमि सेन, गुरुप्रताप रघुवंशी, कुणाल चौधरी, महिमा राजपूत, निकिता यादव, प्रिंस जैन, शिखा लोधी, तान्या शर्मा, सानिध्य कद्रे का विज्ञान मंथन यात्रा के लिए चयन किया गया है.

# सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का खुलासा

## ग्रामीणों ने इंजीनियर पर 1 लाख से अधिक रिश्वत लेने का आरोप लगाया

**चंदला,25 फरवरी. लवकुशनगर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमरिया के गांव हिम्मतपुर में कराए गए सीसी सड़क निर्माण में भारी भ्रष्टाचार सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि घटिया निर्माण कार्य के बावजूद इंजीनियर द्वारा सरपंच से 1 लाख रुपये से अधिक की रिश्वत लेकर मूल्यांकन किया गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हिम्मतपुर गांव में लक्कू तिवारी उर्फ रामकिशोर तिवारी तथा कल्लू तिवारी के मकान से स्कूल तक मई 2025 में सीसी सड़क का निर्माण कराया गया था। निर्माण के एक वर्ष भी पूरे नहीं हुए और सड़क कई जगह से टूट गई। सीसी में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं और जगह-जगह से उखड़ने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि



सड़क निर्माण में कमजोर और घटिया सीमेंट का उपयोग किया गया.

सीसी की मोटाई लगभग 3 इंच ही रखी गई, जबकि स्टीमेट के अनुसार मोटाई अधिक होनी चाहिए थी। निर्माण के मात्र तीन माह बाद ही सड़क में दरारें आने लगी थीं, जिससे गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीण लक्कू तिवारी उर्फ रामकिशोर तिवारी और विनोद तिवारी निवासी हिम्मतपुर ने बताया कि निर्माण कार्य में मानक के अनुसार सामग्री नहीं डाली गई। उनका आरोप है कि जब मूल्यांकन के लिए इंजीनियर मौके पर आए थे, उसी समय सरपंच से लेन-देन की बात चल रही थी। सरपंच द्वारा 1 लाख रुपये देने की बात कही गई थी और अंतत: 1 लाख रुपये से अधिक राशि लेकर घटिया सीसी का मूल्यांकन किया गया.

ग्रामीणों का कहना है कि जब अधिकारी ही भ्रष्ट होंगे तो निर्माण कार्य की गुणवत्ता कैसे सुनिश्चित होगी। इस पूरे मामले में सरपंच श्यामाबाई अनुरागी एवं सचिव की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है.

### इनका कहना है

आपके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर जांच कराई जाएगी। जिस इंजीनियर पर आरोप लगे हैं, उसकी जांच वरिष्ठ इंजीनियर से कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

**पीएल यादव, सीईओ,** लवकुशनगर जनपद पंचायत

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष की सफारी गाड़ी जब्त

- वाहन में काली फिल्म, हूटर और बीमा की कमी मिली
- प्रशिक्षु आईपीएस के निर्देश पर ओरछा रोड थाने में कार्रवाई

**छतरपुर, 25 फरवरी. देर रात पुलिस की नियमित चेकिंग के दौरान भाजपा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष पंकज पांडे की सफारी गाड़ी को नौगांव रोड पर रोककर जब्त कर लिया गया.**

जांच के दौरान वाहन में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, जिसके बाद मौके पर मौजूद प्रशिक्षु आईपीएस लेखराज मीणा ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए. पुलिस के अनुसार वाहन में नियमों के विरुद्ध काली फिल्म लगी हुई थी और हूटर का उपयोग किया जा रहा था. इसके अलावा वाहन का वैध बीमा भी नहीं पाया गया, जो मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन है.




### नियमों का उल्लंघन करने पर किसी को छूट नहीं

इन कमियों को देखते हुए पुलिस ने तत्काल वाहन को जब्त कर ओरछा रोड थाने में खड़ा कराया और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी. सूत्रों के अनुसार यह वाहन भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज पांडे के नाम पर दर्ज है. इस कार्रवाई को पुलिस की निष्पक्षता और कानून के समान अनुपालन के उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर किसी भी व्यक्ति को छूट नहीं दी जाएगी, चाहे उसका पद या प्रभाव कुछ भी हो.

# जिंदा मां-बहन को सोशल मीडिया पर मृत बताया

- फोटो पोस्ट कर खुद मुंडवाया सिर
- शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

**छतरपुर, 25 फरवरी. जिले के बमीठा थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने अपनी ही जीवित मां और बहन को सोशल मीडिया पर मृत घोषित कर दिया.**

आरोपी भरत शिवहरे ने अपनी मां पुष्पा शिवहरे और बहन की तस्वीरें पोस्ट करते हुए शोक संदेश जैसा माहौल बना दिया. इतना ही नहीं, उसने सिर मुंडवाकर अपनी फोटो भी साझा की, जिससे लोगों



को परिवार में मृत्यु होने का भ्रम हो गया. पोस्ट वायरल होते ही रिश्तेदारों और परिचितों के फोन लगातार आने लगे और शोक संवेदनाएं व्यक्त की जाने लगीं. इस घटना से मां और बेटी को गहरा मानसिक आघात पहुंचा और वे काफी परेशान हो गईं. परिवार का कहना है कि इस कृत्य से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची है.

# नवपदस्थ एसडीएम ने संभाला कार्यभार

- शहरी तहसील सहित अन्य मंडलों की मिली जिम्मेदारी
- नागरिकों को राजस्व सेवाएं अब मिलेंगी अधिक तेजी से

**छतरपुर, 25 फरवरी.जिले में नवपदस्थ उपखंड अधिकारी (एसडीएम) ने औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया है. पदभार ग्रहण करते ही उन्हें नवगठित शहरी तहसील के साथ-साथ दो अन्य मंडलों का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है.**

प्रशासनिक फेरबदल के बाद जिले में राजस्व और प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए गए हैं.अधिकारियों के अनुसार, शहरी तहसील के गठन का मुख्य उद्देश्य



शहर क्षेत्र से जुड़े राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है. अब नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र जैसे कार्यों के लिए नागरिकों को लंबी प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा. अलग तहसील व्यवस्था लागू होने से कार्यों का विकेंद्रीकरण होगा,

जिससे लंबित प्रकरणों में कमी आएगी और समयबद्ध निराकरण संभव हो सकेगा.नवपदस्थ एसडीएम ने पदभार संभालने के बाद स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान, राजस्व कार्यों में पारदर्शिता तथा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन रहेगा. अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी आवेदन निर्धारित समय-सीमा में निपटाए जाएं और कार्यालय में आने वाले नागरिकों के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए. प्रशासन का मानना है कि नई शहरी तहसील व्यवस्था से न केवल राजस्व कार्यों में गति आएगी, जवाबदेह प्रशासन का लाभ भी मिलेगा.

# ट्रेनी आईपीएस लेखराज मीणा बने ओरछा रोड थाना प्रभारी



**एसपी अगम जैन के आदेश के बाद मिली जिम्मेदारी**

**अपराध नियंत्रण और यातायात सुधार पर रहेगा विशेष ध्यान**

**छतरपुर, 25 फरवरी. जिले की पुलिस व्यवस्था में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए प्रशिक्षु (ट्रेनी) आईपीएस अधिकारी लेखराज मीणा को ओरछा रोड थाने का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है. पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा आधिकारिक आदेश जारी किए गए हैं.**

इससे पहले इस थाने की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक दीपक यादव संभाल रहे थे.लेखराज मीणा जिले में प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न कानून-व्यवस्था संबंधी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं. उनकी कार्यशैली, अनुशासन और सख्त रवैये को देखते हुए विभाग ने उन्हें शहर के महत्वपूर्ण और संवेदनशील थाना क्षेत्र की कमान सौंपी है.

ओरछा रोड थाना क्षेत्र शहर का व्यस्त इलाका माना जाता है, जहां अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा बनाए रखना बड़ी जिम्मेदारी होती है.एसपी के आदेश के बाद थाना स्तर पर पदभार ग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. माना जा रहा है कि नए थाना प्रभारी जल्द ही क्षेत्र का दौरा कर पुलिस स्टाफ के साथ बैठक करेंगे तथा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे.शहर के नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने नए थाना प्रभारी से अपराध नियंत्रण में सख्ती, यातायात व्यवस्था में सुधार और जनसुनवाई को अधिक प्रभावी बनाने की उम्मीद जताई है. पुलिस विभाग का मानना है कि युवा आईपीएस अधिकारी की तैनाती से कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी.

# रंगई के हनुमान मंदिर में चोरी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा में दादाजी श्री हनुमान मंदिर में हुई चोरी को लेकर हिंदू समाज ने कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है. इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया.**

ज्ञापन में बताया गया कि विदिशा जिले के आस्था केंद्र गंज स्थित दादाजी श्री हनुमान मंदिर में लगभग तीन माह पूर्व चोरी की घटना हुई थी, लेकिन अब तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका है.

# बरकुआ में मिट्टी धंसने से युवक की हुई दर्दनाक मौत

## खदान से मिट्टी निकालते समय हुआ हादसा, जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

**छतरपुर नगर, 25 फरवरी. सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बरकुआ इलाके में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया. खदान से मिट्टी निकालते समय अचानक मिट्टी धंसने से एक युवक उसकी चपेट में आ गया.**

हादसे में युवक गंभीर रूप से दब गया. परिजन और स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकालकर तत्काल जिला



अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया.प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान दीपेंद्र यादव के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि वह सुबह मिट्टी निकालने के लिए बरकुआ क्षेत्र में गया था. भूख लगने पर वह खदान में बैठकर खाना खाने लगा. इसी दौरान अचानक मिट्टी का बड़ा हिस्सा ढह गया और वह उसके नीचे दब गया. घटना के समय आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाकर अन्य लोगों को बुलाया और काफी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला. परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया. सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी ली. युवक के शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में सुबह करीब 11 बजे कराया गया. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. घटना के बाद परिवार और क्षेत्र में शोक का माहौल है. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# कटरा धामची में भैंस चोरी का आरोप

## परिजनों से मारपीट, कार्रवाई की मांग

- पीड़ित परिवार ने एसपी कार्यालय पहुंचकर की शिकायत

**छतरपुर , 25 फरवरी. ओरछा रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कटरा धामची गांव में भैंस चोरी और मारपीट का मामला सामने आया है. पीड़ित परिवार का आरोप है कि कुछ महिलाओं ने उनकी भैंस चोरी कर ली.**

जब परिवार के सदस्यों ने उनका पीछा कर भैंस वापस लेने की कोशिश की, तो आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की. पीड़ित पक्ष के



अनुसार, घटना के दौरान उन्हें धमकाया भी गया. विवाद बढ़ने पर हाथापाई की स्थिति बन गई, जिससे परिवार के कुछ सदस्यों को चोटें आईं. घटना के बाद से परिवार में दहशत का माहौल है. पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने स्थानीय स्तर पर शिकायत करने का प्रयास किया.

# मंडी की समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने दिया पत्र

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज के तत्वाधान में मंडी के व्यापारियों ने मंडी की समस्याओं को लेकर बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा को एक पत्र सौंपा. जिसमें उन्होंने मंडी की समस्याओं का उल्लेख करते हुए उनके निराकरण की मांग की.**

इस मौके पर मंडी व्यापारियों ने कहा कि व्यापारियों द्वारा किसानों से अनुबंध के आधार पर नियमानुसार कटौत्रा राशि काटी जा रही है. इसके बावजूद मंडी द्वारा व्यापारियों को नोटिस दिया गया है, जो कि अनुचित है. मंडी द्वारा भविष्य में व्यापारियों को इस प्रकार का नोटिस देने एवं कटौत्रा राशि वापस करने का दबाव बनाये जाने पर व्यापारी मंडी नीलामी का बहिष्कार करेंगे. वहीं उन्होंने कहा कि मंडी नीलामी में व्यापारियों द्वारा खरीदी गई मसूर को बिचौलियों द्वारा मंडी प्रशासन की मिलीभगत से तुलाई कराकर मसूर का पंजीयन वाले लोगों को दिया.

# तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर

- घायल चालक अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर
- पुलिस सीसीटीवी के आधार पर जांच में जुटी

**छतरपुर, 25 फरवरी. बस स्टैंड क्षेत्र में जटाशंकर होटल के सामने एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायलहो गया.**

हादसा इतना भीषण था कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक सड़क पर



गिरकर घायल अवस्था में तड़पने लगा.प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार तेज गति से आ रही थी और अचानक अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा से जा टकराई.

टक्कर के तुरंत बाद कार चालक मौके से फरार हो गया. आसपास मौजूद लोगों ने घायल चालक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है. चिकित्सकों के अनुसार घायल की हालत गंभीर बनी हुई है.

# खुले में पेशाब ना बहाये अभियान के तहत येलो स्पॉट कर की गई पुताई




**नवभारत न्यूज**

**25 फरवरी गंजबासौदा, स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर की दिशा में नगर में खुले में पेशाब ना भाई अभियान के अंतर्गत आज पुराने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में खुले में पेशाब की शिकायत वाले येलो स्पॉट चिन्हित कर उनकी पुताई कराई गई.**

इस दौरान आमजन को खुले में पेशाब करने से होने वाले स्वास्थ्य व पर्यावरण संबंधी दुष्परिणामों की जानकारी दी गई और स्वच्छ शौचालयों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया. अभियान के अंतर्गत खुले में पेशाब करते पाए जाने पर 7 लोगों पर चालानी कार्रवाई भी की गई.

# सिस्टम सुस्त- अवैध कालोनियों का फैलता जाल

**विदिशा.** शहर और आसपास के इलाके में अवैध कॉलोनियों का मामला तेजी से गंभीर रूप ले लिया है. वर्षों से बिना अनुमति, बिना योजनाबद्ध नक्शा और टीएंडसीपी के बिना जमीन पर कॉलोनियों का विकास हो रहा है, जिससे सरकारी नियमों का उल्लंघन हो रहा है और कई आम नागरिकों की जमा पूंजी भी इस जाल में फंसी हैं.जमीन के कारोबार से जुड़े जानकार लोगों की मानें तो शहर और उसके आसपास 100 से ज्यादा अवैध कॉलोनियों की जानकारी सामने आ रही है. जिनमें से कुछ पर एफआईआर दर्ज करने और कार्रवाई करने का निर्देश जारी हुआ है.

**मनमोहक प्रस्तुतियां** ▶ प्राचीन मंदिरों की छटा में देशभर के कलाकारों ने बिखेरा शास्त्रीय नृत्य का जादू

# 52वां खजुराहो नृत्य महोत्सव 20 से 26 फरवरी तक जारी

- कथक, ओडिसी और मोहिनीअट्टम की शानदार प्रस्तुतियां
- कलेक्टर ने कलाकारों का सम्मान कर बढ़ाया उत्साह

**छतरपुर, 25 फरवरी. खजुराहो नृत्य महोत्सव का 52वां आयोजन 20 से 26 फरवरी तक मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक मंदिर परिसर में भव्य रूप से जारी है. प्राचीन मंदिरों की अलौकिक पृष्ठभूमि में देशभर से आए कलाकारों ने शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया.**

संस्कृति विभाग और उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला



अकादमी द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित महोत्सव में कथक, ओडिसी और मोहिनीअट्टम जैसी शास्त्रीय नृत्य शैलियों के माध्यम से भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं की सुंदर झलक देखने को मिल रही है. घुंघरुओं की मधुर झंकार और भावपूर्ण अभिव्यक्तियों ने मंदिरों की दिव्य छटा के बीच पूरे वातावरण को कला और आध्यात्मिकता से सराबोर कर दिया.

पांचवें दिन दिल्ली की प्रसिद्ध नृत्यांगना शिंजनी कुलकर्णी ने कथक की प्रभावशाली प्रस्तुति दी.

वहीं भुवनेश्वर से आई पद्मश्री इलियाना चितारीस्ती ने ओडिसी नृत्य के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया. केरल की पद्मश्री कलामंडलम क्षेमावेथी ने मोहिनीअट्टम की सौम्य और भावपूर्ण प्रस्तुति से दक्षिण भारतीय नृत्य शैली की गरिमा को मंच पर जीवंत कर दिया. कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने सभी कलाकारों को शॉल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया. देश-विदेश से बड़ी संख्या में पहुंचे पर्यटक और कला प्रेमी इस महोत्सव का आनंद ले रहे हैं, जिससे खजुराहो की सांस्कृतिक पहचान और अधिक सुदृढ़ हो रही है.

# मंडी में जगह की कमी, प्लाट के रेट भी ज्यादा

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**विधायक मुकेश टंडन ने आज विधानसभा में शून्यकाल के दौरान कृषि उपज मंडी मिर्जापुर की समस्याओं को उठाते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया. उन्होंने कहा कि विदिशा की नवीन मंडी में प्रतिवर्ष लगभग 26 लाख क्विंटल गेहूं तथा करीब 16 लाख क्विंटल धान की आवक होती है, जिससे मंडी परिसर पर अत्यधिक दबाव बना रहता है. विधायक ने बताया कि मंडी में स्थान की कमी के कारण किसानों और व्यापारियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है. इस समस्या के समाधान हेतु 50 एकड़ अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है, जिसका प्रस्ताव 1 जुलाई 2019 से लंबित है.